# 14 कोसी परिक्रमा : आज दोपहर 12 बजे से 30 घंटे के लिए बंद रहेगा हाईवे

**यातायात व्यवस्था** 10 की शाम 6 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा भारी वाहनों का आवागमन ▶ आपात सेवाओं के वाहनों पर लागू नहीं होगा प्रतिबंध

▸▸ परिक्रमा खत्म होने तक वैकल्पिक मार्गों से गुजारे जाएंगे वाहन

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार। रामनगरी की पौराणिक 14 कोसी परिक्रमा को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग शनिवार 9 नवंबर की दोपहर 12 बजे से बंद कर भारी मालवाहक वाहनों की आवाजाही रोक दी जाएगी। ये व्यवस्था परिक्रमा समाप्त होने तक 10 नवंबर की शाम 6 बजे तक प्रभावी रहेगा। आपात सेवा के वाहनों पर यह प्रतिबंध प्रभावी नहीं होगा। इस दौरान मालवाहक भारी वाहन, ट्रक, डीसीएम, ट्रैक्टर आदि वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी। ऐसे वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से गुजारा जाएगा। एसपी यातायात अयोध्या प्रसाद सिंह ने शुक्रवार को मार्ग परिवर्तन का विवरण जारी किया है।



परिक्रमा को लेकर उदया चौराहे के निकट लगाई गई बैरिकेडिंग।

## वाह्य जनपदीय यातायात डायवर्जन प्लान

- कानपुर की तरफ से आने वाले वाहनों को कानुपर, उन्नाव, मौरावां मोहनलालगंज, गोसाईगंज, चांद सराय से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से बस्ती/ गोरखपुर की ओर डायवर्ट किया जायेगा।
- लखनऊ मे आगरा एक्सप्रेस-वे से आने वाले वाहनों को मोहान, जुनाबगंज से मोहनलालगंज, गोसाईगंज से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से बस्ती/ गोरखपुर की ओर भेजा जायेगा।
- सीतापुर से शाहजहांपुर से आने वाले वाहनों का आईआईएम रोड दुबग्गा से आलमबाग, नहरिया से शहीदपथ होते हुए अहिमामऊ से होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की ओर डायवर्जन किया जायेगा।
- लखनऊ की ओर से अयोध्या होकर गोरखपुर / बस्ती की ओर जाने वाले वाहनों को बाराबंकी से जरवल रोड, गोंडा, मनकापुर, हरैया, बस्ती, गोरखपुर की ओर डायवर्ट किया जायेगा।
- गोंडा/ बलरामपुर की ओर से अयोध्या होकर लखनऊ/ बाराबंकी की तरफ से जाने वाले वाहनों को गोंडा अथवा मनकापुर से ही रोककर कर्नलगंज, जरवल रोड, रामनगर चौराहा होते हुए बाराबंकी, लखनऊ की ओर भेजा जायेगा।
- प्रयागराज/सुल्तानपुर की ओर से अयोध्या होकर बस्ती/ गोरखपुर को जाने वाले वाहनों को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से अम्बेडकरनगर होते हुए बस्ती, गोरखपुर की ओर डायवर्ट किया जायेगा।
- अम्बेडकनगर की ओर से अयोध्या होकर बस्ती/गोरखपुर जाने वाले वाहनों को अम्बेडकरनगर से टाण्डा कलवारी पुल होते हुए बस्ती की तरफ भेजा जायेगा।
- रायबरेली, अमेठी की ओर से अयोध्या होकर बस्ती/गोरखपुर की ओर आने वाले वाहनों को जगदीशपुर अयोध्या मार्ग (हलियापुर) से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे वाया अम्बेडकरनगर होते हुए बस्ती, गोरखपुर की ओर डायवर्ट किया जायेगा।
- आजमगढ़, अम्बेडकरनगर से अयोध्या होकर लखनऊ की ओर जाने वाले वाहनों का अम्बेडकरनगर से दोस्तपुर (सुल्तानपुर) मार्ग से पूर्वांचल एक्प्रेस-वे पर डायवर्जन किया जायेगा।
- गोरखपुर, बस्ती से आने वाले भारी वाहनों को कलवारी, टाण्डा (अम्बेडकरनगर) होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से लखनऊ की ओर भेजा जायेगा।
- बहराइच की ओर से बाराबंकी की तरफ आने वाले भारी वाहन टिकोरा मोड़ से चहलारी पुल (घाघरा नदी) से रेउसा से बिसवां से सिधौली या खैराबार होकर गन्तव्य को जायेंगे, क्योंकि रामनगर बाराबंकी में अवस्थित मरकामऊ का पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण भारी वाहनों का गुजरना इससे प्रतिबन्धित है।

## अन्तः जनपदीय यातायात डायवर्जन प्लान

- अम्बेडकरनगर गोसाईगंज से अयोध्या शहर आने वाले भारी वाहन गोसाईगंज तिराहे से भीटी चौराहा से पिपरी जलालपुर होकर सुल्तानपुर रोड होकर जाएंगे।
- टांडा मयाबाजार से आने वाले सभी प्रकार के वाहन पूराबाजार तिराहे से इटौरा चौराहा होते हुए थाना पूराकलन्दर होकर सुल्तानपुर रोड पर जाएंगे।
- देवकाली बाईपास से दर्शननगर की तरफ सभी प्रकार के वाहनो का प्रवेश प्रतिबन्धित रहेगा।
- अग्रसेन चौराहा से रामनगर तिराहा की तरफ सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश प्रतिबन्धित रहेगा।
- मकबरा तिराहा से रामनगर तिराहा की तरफ सभी प्रकार के वाहन पर प्रतिबन्धित रहेगा।
- सहादतगंज बूथ न0 1 से सहादतगंज हनुमानगढ़ी व रोडवेज की तरफ सभी प्रकार के वाहनो का प्रवेश प्रतिबन्धित रहेगा।
- गुदडी चौराहा से धारा रोड की तरफ सभी प्रकार के वाहनों पर प्रतिबन्धित रहेगा।
- उदया चौराहा से गैस गोदाम की तरफ सभी प्रकार के वाहनो का प्रवेश प्रतिबन्धित रहेगा।
- साकेत पट्रोल पम्प से हनुमानगुफा की तरफ सभी प्रकार के वाहनों पर रोक रहगी।
- अशिफबाग चौराहे से साथी तिराहा बूथ नम्बर-4 की तरफ सभी प्रकार के वाहनो का प्रवेश प्रतिबन्धित रहेगा।
- बालूघाट बैरियर से रामघाट चौराहे कि तरफ सभी प्रकार के वाहनो का प्रवेश प्रतिबन्धित रहेगा।
- लकडमडी चौराहा से लतामगेश्कर चौक (नयाघाट) की तरफ सभी प्रकार के वाहनों पर रोक रहगी।

# चौदह कोसी परिक्रमा पर सुरक्षा घेरा सख्त

अयोध्या (एसएनबी)। कड़े सुरक्षा घेरे में चौदह कोसी परिक्रमा कल से शुरू होगी। मेला क्षेत्र को छह जोन व 9 सेक्टरों में बांटा गया है। सुरक्षा के लिए एटीएस के साथ ड्रोन व सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी। श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रसिद्ध चौदहकोसी परिक्रमा में शामिल होने वाले परिक्रमार्थियों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने के लिए प्रशासन ने चाक-चौबंद इंतजाम किए हैं। पेयजल, सफाई व प्रकाश के लिए मेले से संबंधित विभाग दिन-रात एक किए हुए हैं। कमिश्नर गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, डीएम चंदविजय सिंह व एसएसपी राजकरण नैयर स्वयं मानिटरिंग कर रहे हैं। नगर निगम मेला क्षेत्र में सफाई, प्रकाश व पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने में जुटा है, जिसकी निगरानी स्वयं नगर आयुक्त संतोष शर्मा कर रहे हैं।

परिक्रमा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। संवेदनशील स्थलों पर एटीएस कमांडो की तैनाती के साथ पुलिस व पीएसी के जवानों की तैनाती होगी। ड्रोन व सीसीटीवी से सुरक्षा की मानिटरिंग की जाएगी।

परिक्रमा के मद्देनजर यातायात विभाग

### अयोध्या की ओर वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

### एसएसपी ने पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था को परखा

ने रूट डायवर्ट किया है। प्रभारी निरीक्षक यातायात अजय यादव ने बताया कि कल 9 नवंबर को दोपहर 12 बजे से 10 नवंबर की सायं छह बजे तक वाह्य व अंतर जनपदीय रूट डायवर्ट रहेगा। अंतर जनपदीय यातायात डायवर्जन भी लागू होगा। अम्बेडकरनगर गोसाईगंज से अयोध्या शहर आने वाले भारी वाहनों को गोसाईगंज तिराहे से भीटी चौराहा से पिपरी जलालपुर होकर सल्तानपर रोड होकर जाएंगे। टांडा मयाबाजार से आने वाले सभी प्रकार के वाहन को पूराबाजार तिराहे से इटौरा चौराहा होते हुए थाना पूराकलंदर होकर सलतानपर रोड पर जाएंगे। देवकाली बाईपास से दर्शननगर की तरफ सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

अग्रसेन चौराहा से रामनगर तिराहा की तरफ सभी प्रकार के वाहन का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। मकबरा तिराहा से रामनगर तिराहा की तरफ सभी प्रकार के वाहन का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। सहादतगंज बूथ नंबर एक से सहादतगंज हनुमानगढ़ी व रोडवेज की तरफ सभी प्रकार के वाहनो का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। गुदड़ी चौराहा से धारा रोड की तरफ सभी प्रकार के वाहनो का प्रवेश प्रतिबन्धित रहेगा। उदया चौराहा से गैस गोदाम, साकेत पेट्रोल पम्प से हनुमानगुफा की तरफ, आसिफबाग चौराहे से बूथ नम्बर - 4 की तरफ सभी प्रकार के वाहनो का प्रवेश प्रतिबन्धित रहेगा। बालूघाट बैरियर से रामघाट चौराहे कि तरफ सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश प्रतिबन्धित रहेगा। लकड़मंडी चौराहा से लतामंगेश्कर चौक नयाघाट की तरफ सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

शहर क्षेत्र से बाहर जाने वाले सभी प्रकार के वाहन देवकाली बाईपास मार्ग का प्रयोग करेंगे। अम्बेडकरनगर जाने वाले चार पहिया वाहन शांति चौक से होकर सुल्तानपुर रोड़ पूराकलन्दर थाने से पहले इटौरा चौराहा होकर पूराबाजार होते हुए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिले की तरफ यातायात डायवर्जन रहेगा। मालवाहक भारी वाहन, ट्रक, डीसीएम, ट्रैक्टर लखनऊकी ओर से गोरखपुर/ बस्ती की ओर जाने वाले वाहनों पर रोक रहेगी।




मेला ड्यूटी में आये पुलिस कर्मियों को ब्रीफ करते अफसर (फोटो : एसएनबी)

# नगर निगम ने परिक्रमा पथ पर बनाए नौ विश्राम स्थल

अयोध्या (एसएनबी)। चौदह कोसी परिक्रमा में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नगर निगम ने परिक्रमा मार्ग के नौ स्थलों पर विश्राम स्थल बनाया है। परिक्रमा पथ पर केयर टेकर के साथ 24 गुणे 7 मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था की गयी है। महापौर मं. गिरीशपति त्रिपाठी ने नगर आयक्त संतोष कुमार शर्मा ने चौदह कोसी, पंचकोसी परिक्रमा में नगर निगम की व्यवस्थाओं के संबंध में जोनल कार्यालय में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की।

महापौर श्री त्रिपाठी ने पेयजल, पथ प्रकाश, स्वच्छ प्रसाधन, मार्गो के सुदृढ़करण आदि के संबंध में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा की। कहा कि अयोध्या एक आध्यात्मिक और धार्मिक नगरी है। प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत प्रथम परिक्रमा होने के कारण अधिक श्रद्धालुओं के आने की

### महापौर ने नगर आयुक्त व अफसरों के साथ की समीक्षा

संभावना है, जिसके दृष्टिगत श्रद्धालुओं की सविधाओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नगर आयुक्त श्री शर्मा ने तैयारियों को बताया। कहा कि संपूर्ण मार्ग पर पेयजल के लिए टैकर एवं प्याऊ की स्थापना की गयी ह। कहा कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या परिक्रमा के दौरान न हो, इसके लिए आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। बैठक के दौरान अपर नगर आयुक्त वागीश कुमार शुक्ला, अशोक कुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता, पुनीत कुमार ओझा, सहायक अभियंता राजपति यादव, जय कुमार, अवर अभियंता जल श्रीमती शशिकला चौधरी, मुख्य सफाई निरीक्षक राजेश कुमार झा, कमल कुमार, विजयेंद्र वर्मा मौजूद रहे।